Titupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 1 April 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-9 Issue - 43

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week**

काला हिरण शिकार केस में दोषी करार सलमान खान को पांच साल कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। जबकि अभिनेता सैफ अली, सोनाली, तब्बू, नीलम व एक स्थानीय निवासी को बरी कर दिया।

**Inside Ghaziabad**

**पेज नंबर 2**
इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए 89 शिक्षकों का चयन

**पेज नंबर 5**
Cops warn against wrong turns on ...

# SC/ST Act : कोर्ट के फैसले की तपिश में झुलसा गाजियाबाद

### दलितों ने जनपद में की जमकर पत्थरबाजी, तोड़फोड़, नारेबाजी, दुकानें बंद कराई, रेल मार्ग रोका





गाजियाबादः एससी–एसटी एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले के विरोध में लोग सुबह पौने दस बजे गौशाला रेलवे लाइन पर जमा हो गए व जमकर नारेबाजी और पत्थरबाजी की। इससे दिल्ली से आकर मेरठ, मुरादाबाद व अलीगढ़ रूट की ट्रेनों का आवागमन बंद हो गया। इस दौरान भूवनेश्वर राजधानी, कानपुर शताब्दी समेत आठ ट्रेने बीच रास्ते खड़ी रहीं ओर देर शाम 20 से ज्यादा ट्रेने प्रभावित रहीं। इनमें बैठे हजारों यात्रियों की सांसें अटकी रहीं। गाजियाबाद से नई दिल्ली ईएमयू रद्द कर दी गई। ट्रैक से उपद्रवियों को हटाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान उपद्रवियों द्वारा किए गए पथराव में आरपीएफ प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। सवा 11 बजे रूट ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका। सिटी मजिस्ट्रेट संतोष बहादुर सिंह का कहना है कि खुफिया इकाई ने जानकारी दी थी कि कुछ लोग ज्ञापन देने आएंगे। प्रदर्शन की सूचना नहीं थी, लेकिन भारत बंद रहेगा इसकी जानकारी थी।

शेष पेज आठ पर

## पुलिस लैपर्ड में लगाई आग

जनपद में पुलिस को कई स्थानों पर लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर–बितर करना पड़ा। जबकि कई वाहनों में तोड़फोड़ और खुद पुलिस की एक लैपर्ड में आगजनी हुई। जनपद में बवाल की शुरुआत मोदीनगर और लोनी में हुई। मोदीनगर में हाईवे पर जाम में फंसी रोडवेज बसों में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। इसके साथ ही लोनी में भी भीड़ ने खूब बवाल काटा।

## रिश्वत लेने के आरोप में हिंडन चौकी प्रभारी निलंबित

गाजियाबाद : रिश्वत लेने के आरोप में एसएसपी वैभव कृष्ण ने हिंडन चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। चौकी प्रभारी पर तालाब में खनन के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि हिंडन चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। वहीं एक पीड़ित ने रिश्वत नहीं देने पर एक पुलिस अधिकारी पर बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। सूत्रों के अनुसार अर्थला के इंदिरा प्रियदर्शिनी तालाब में पुलिस के सहयोग से खनन चल रहा था। खनन करने वाले पुलिस को रिश्वत दे रहे थे। एक सप्ताह पहले पुलिस अधिकारी को इसकी जानकारी हुई तो खनन करने वाले पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि चार लोगों ने पुलिस अधिकारी को रिश्वत दिया। एक ने रिश्वत नहीं दी तो उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। हालत गंभीर होने पर उसे वसुंधरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दी गई। पीड़ित ने डर की वजह से पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत नहीं की। वहीं एसएसपी ने पुलिस अधिकारी पर लगाए गए मारपीट के आरोप को निराधार बताया है।

## Ghaziabad becomes first district in UP to have 100% electrification

**GHAZIABAD**: Ghaziabad has become the first district in the state to have electricity in all its households. Chief minister Yogi Adityanath praised the Centre's Saubhagya scheme and said his government's efforts to augment the power infrastructure through it would cover the entire state in the future. "When we took over the reins of the state, of a total of 4 crore households in the country that had no access to electricity, about 1.75 crore was in UP alone. But in a year's time, we have done a commendable job in this direction and 100 per cent electrification in all households in Ghaziabad bears a testimony to the claim," said Adityanath. Since the launch of central government's Saubhagya scheme on December 17 last year, a total of 80,000 households were given with electricity connection, officials said. On Friday, the chief minister also inaugurated projects worth around Rs 150 crore in the city. He was in Ghaziabad to inaugurate the Hindon Elevated Road.

## TIRUPATI EYE

### लाल पट्टी खिंचने का काम दोबारा होगा शुरू

गाजियाबाद : बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लाल पट्टी खींचने का काम दोबारा शुरू होगा। डीएम ने काम रुकने पर आपत्ति जताते हुए नगर निगम को पट्टी खींचने का कार्य जारी रखने का निर्देश दिया है। जहां यह पट्टी खिंची होगी, उससे आगे दुकानदार ने सामान रखा या काउंटर बाहर निकाला तो वो अतिक्रमण की सीमा में आएगा।

### तीन अभियंताओं के निलंबन की संस्तुति

गाजियाबाद : वसुंधरा सेक्टर पांच में सिंगल यूनिट पर अवैध निर्माण के लिए प्रथम दृष्टया आवास विकास के अवर अभियंता प्रवेश गौड़, सहायक अभियंता एमबी कौशिक, अधिशासी अभियंता राजीव कुमार को दोषी पाया गया है। डीएम ने तीनों अभियंताओं के निलंबन की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। गौरतलब है कि वसुंधरा सेक्टर पांच में आवास विकास के प्लाटों पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कराने की शिकायत मंडलायुक्त से की गई थी।

### जांच में कारखाना प्रबंधन दोषी

गाजियाबाद : साहिबाबाद साइट फोर औद्योगिक क्षेत्र में मैसर्स रोहित सर्फेक्टेंट प्राइवेट लिमिटेड में गत दिनों श्रमिक महेंद्र कुमार की मौत कार्य के दौरान हो गई थी। मामले में उपजिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेटी जांच कराई गई। जांच में कारखाना प्रबंधन को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। उप निदेशक कारखाना को निर्देशित किया गया है कि वह सुसंगत धाराओं में प्रबंधन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराए और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाएं।

# इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए 89 शिक्षकों का चयन

गाजियाबाद : शिक्षा विभाग में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों के लिए 89 शिक्षकों का चयन हुआ है। इन शिक्षकों की काउंसलिंग छह अप्रैल से कराई जाएगी। नियुक्त शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों को ट्रायल क्लास देनी होगी। शिक्षक बच्चों को निचले स्तर से पढ़ाना शुरू करेंगे। जनपद के पांच खंडों के 25 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम बदलने की प्रक्रिया में 125 शिक्षकों का चयन हुआ था। लिखित और मौखिक परीक्षा में विभाग ने 89 शिक्षकों को पास किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रैल से प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम लागू करने की मुहिम शुरू की गई थी। इसके लिए प्रत्येक खण्ड के पांच–पांच स्कूलों का चयन किया गया। 25 स्कूलों के लिए 125 अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती होनी थी। इसके लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के अंग्रेजी विषय के शिक्षक ही आवेदन कर सकते थे। प्राथमिक विद्यालयों में करीब दो हजार शिक्षक कार्यरत हैं। 21 मार्च को हुई चयन परीक्षा में कुल 90 शिक्षकों ने ही हिस्सा लिया है। इनमें 89 शिक्षकों ने परीक्षा पास की थी। इसमें दो घंटे की लिखित परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार हुआ था। शिक्षकों का साक्षात्कार बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाइड प्रचारक और अन्य अधिकारियों ने लिया था। सभी शिक्षकों की काउंसलिंग बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में की जाएगी। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल होंगे। शिक्षकों की काउंसलिंग के दौरान उन्हें समझाया जाएगा कि शिक्षा की गुणवत्ता को किस प्रकार सुधारा जा सकता है। इस दौरान शिक्षकों को बच्चों से बात करने का तरीक और पठाने का तरीका भी बताया जाएगा। इस काउंसलिंग में बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाने के गुर सिखाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार का कहना है कि सभी शिक्षकों की काउंसलिंग छह अप्रैल को होगी। इसके बाद सभी शिक्षक कक्षाओं में पढ़ाना शुरू कर देंगे। शिक्षकों की कमी पूरी करने के लिए। आने वाले दिनों में एक और परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## पढ़ाई का स्तर सुधारने की कवायद

बेसिक शिक्षा विभाग अपने स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने की कवायद कर रहा है। इसी के तहत अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों के शिक्षकों की काउंसलिंग कराई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस काउंसलिंग के बाद जल्द ही सभी स्कूलों के शिक्षकों की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इस काउंसलिंग का उद्देश्य बेसिक के स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर करना है।

## शहर में गंदगी फैलाने पर छह डेरियों से जुर्माना वसूला

गाजियाबाद : नगर निगम ने गंदगी फैलाने पर शहर में छह डेरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन डेरियों पर 25 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही आरडीसी में सड़क पर मलबा फैलाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सेनेटरी इंस्पेक्टर वीपी शर्मा ने बताया कि नंदग्राम क्षेत्र से लगातार शिकायत मिल रही थी कि यहां डेरियां गंदगी फैला रही हैं। शिकायत के बाद नगर निगम की टीम ने मौक का निरीक्षण किया। जिसमें शिकायत सही पाई गई। निगम ने छह डेरियों पर 27 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना लगाकर वसूल किए।

## राजनगर एक्सटेंशन में लगेंगे डस्टबिन

गाजियाबाद : शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही प्रदूषण की रोकथाम के लिए जीडीए कई कदम उठा रहा है। जीडीए उद्यान अनुभाग की ओर से मार्गों की शोभा बढ़ाने के साथ प्रदूषण की रोकथाम के लिए डिवाइडर पर हैंगिंग गमलों में पौधे लगाए जाएंगे। हैंगिंग गमलों में प्रदूषण की रोकथाम में सहायक और अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। इसक अलावा लोगों में स्वच्छता के अलख जगाने के लिए राजनगर एक्सटेंशन में 50–50 मीटर पर डस्टबिन लगाई जाएंगी।

## जबरन टीसी मिलने पर बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन

गाजियाबाद : बीएसए के आदेश को दरकिनार कर डीपीएस इंदिरापुरम के छह छात्रों को जबरन टीसी पकड़ाने के मामले में नाराज अभिभावकों ने बच्चों के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर धरना देने बैठ गए। चार घंटे चले धरने के बाद बीएसए विनय कुमार ने अभिभावकों को शुक्रवार तक समस्या के समाधान का भरोसा दिया।इसके बाद अभिभावक वापस लौट गए। स्कूल ने वार्षिक शुल्क जमा नहीं करने का आरोप लगाते हुए छह विद्यार्थियों की टीसी काट दी है। इससे अभिभावकों में काफी रोष है। उनका कहना है कि अध्यादेश के अनुसार वार्षिक शुल्क जमा करने की जरूरत नहीं है, जबकि



इस शुल्क के अलावा सभी देय जमा करा दिए हैं। इसके बावजूद स्कूल उनके बच्चों को अगली कक्षा में दाखिला नहीं दे रहा है। यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने इसमें हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधक को अगली कक्षा में बच्चों का दाखिला कराने का आदेश दिया था, लेकिन आरोप है कि स्कूल ने बीएसए के आदेश की अनदेखी करते हुए बच्चों को अगली कक्षा में बैठाने से इंकार कर दिया।

## जीडीए उपाध्यक्ष के सामने उठा एसटीपी कनेक्शन का मामला

गाजियाबाद : राजनगर एसटीपी कनेक्शन का मुद्दा क्रेडाई राजनगर एक्सटेंशन की टीम ने बुधवार को जीडीए उपाध्यक्ष रितु माहेश्वरी के सामने उठाया। क्रेडाई राजनगर एक्सटेंशन के पदाधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि एसटीपी का उद्घाटन हुए दो महीने हो गए है लेकिन अभी तक राजनगर एक्सटेंशन की सभी सोसाइटी का कनेक्शन नहीं हो सका। इसकी वजह से पब्लिक को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज को साफ करने के लिए बिल्डर्स और आरडब्ल्यूए को बहुत जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

## एनएच–24 से सटी कॉलोनियों के लिए बनेगा नया ड्रेनेज सिस्टम

गाजियाबाद : एनएच–24 के दोनों ओर नया ड्रेनेज सिस्टम बनेगा। इसका काम शुरू हो चुका है। दरअसल एनएच–24 के चौड़ीकरण से इसके दोनों ओर बसी एक दर्जन कालोनियों की जल निकासी बंद हो गई। इससे दो लाख लोग परेशान हैं। इनकी समस्या दूर करने के लिए नाले का निर्माण हो रहा है। नाले के साथ पंपपिंप स्टेशन भी होगा। एनएचएआई इन दिनों एनएच–24 के चौड़ीकरण का काम कर रही है। इसके लिए विजयनगर क्षेत्र की ओर इसका कार्य किया जा रहा है। एनएचएआई की टीम ने सडक चौड़ीकरण के कारण सड़क किनारे गुजरने वाले नालों को बंद कर दिया। इसके कारण एनएच–24 से सटी छह से ज्यादा कालोनियों में जलभराव हो गया। हालात ये हो गई है कि इन कालोनियों में पानी निकासी के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्य रास्तों में जलभारव हो गया है और लोगों के घरों तक में पानी पहुंचने लगा है। इस समस्या को लेकर अब नगर निगम इस क्षेत्र के लिए नया जल निकसी प्लान तैयार कर रहा है। जिसमें खुले नालों के साथ ही अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम भी बनेगा। क्षेत्र की जल निकासी के लिए पंपिंग स्टेशन भी बनेंगे। इससे पानी को छोटे नाले से निकालकर बड़े नालों में प्रवाहित किया जाएगा। नगर निगम व एनएचएआई की बीत तना–तनीइस मामले को लेकर दोनों विभागों के बीच तनातनी तल रही है। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि जिन स्थानों से नाले गुजर रहे हैं वह भूमि उनकी है। लिहाजा उन्होंने नालों को बंद करके अपनी जमीन पर कब्जा लिया है। वहीं नगर निगम का कहना है कि इस क्षेत्र में दो लाख से ज्याद लोग रहते हैं। सभी नगर निगम क्षेत्र के वोटर हैं। इतनी बड़ी आबादी की जल निकासी अचानक बिना किसी सूचना के बंद कर देना ठीक नहीं है। पहले इसके लिए जल निकाली की योजना बनाई जानी चाहिए थी। इसको लेकर नगर निगम ने जिलाधिकारी से एनएचएआई के अधिकारियों की शिकायत की है। कुछ क्षेत्र का पानी का बहाव हुआ उल्टाएनएच–24 से सटी कालोनियों की जल निकासी के लिए बने नाले बंद होने से पूरे क्षेत्र का पानी कालोनियों में भी भर रहा है। ऐसे में जो कालोनी हिंडन नदी के पास में वहां का बहाव नदी को ओर मोड़ दिया गया है। ऐसे में कुछ कालोनियों का पानी अब दूसरी दिशा में मोडकर नदी की दिया गया है।

## एमएमजी अस्पताल : ढाई घंटे इलाज के लिए तड़फा मासूम

गाजियाबाद : हीमोफीलिया के एक 14 वर्षीय मासूम को ढाई घंटे इंजेक्शन (फैक्टर) के लिए इंतजार कराया गया। उसके पिता ढाई घंटे तक पर्ची बनवाने व चिकित्सक को बुलाने के लिए इधर से उधर दौड़ते रहे। करीब ढाई घंटे बाद उनके बच्चे को इंजेक्शन लगाया गया। नंदग्राम में रहने वाला दक्ष बुधवार सुबह घर में ही स्कूल जाने के दौरान गिर गया। चोट लगने के कारण उसके पैर में आंतरिक रक्तस्त्राव होने लगा और सूजन आ गई। दक्ष के पिता किशन उसे पौने सात बजे जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। किशन का आरोप है कि जब वह पहुंचे तब इमरजेंसी में कोई नहीं था। लगभग साढ़े सात बजे इमरजेंसी में स्टाफ




आया। स्टाफ ने हीमोफीलिया के लिए पर्ची बनवाने के लिए कहा। पर्ची बनवाने में उन्हें ढाई घंटे लग गए। इसके बाद इमरजेंसी में चिकित्सक आए और दक्ष को इंजेक्शन लगाया गया। इस पूरे मामले पर दक्ष के पिता का कहना है कि हीमोफीलिया के मरीजों को तुरंत इंजेक्शन की जरूरत होती है। समय से न मिलने पर मरीज की मौत भी हो सकती है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन को इस मामले पर गंभीर होने की जरुरत है।

# संयुक्त अस्पताल : डायलिसिस मरीजों को नहीं मिल रहा समय पर इलाज

गाजियाबाद : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम को शहर में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यही वजह है कि संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर बनाई गई डायलिसिस यूनिट में अभी भी मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की लापरवाही के कारण मरीज डायलिसिस यूनिट के चौखट से लगातार लौट रहे हैं। डायलिसिस यूनिट को खोलने का समय सुबह आठ बजे होने के बावजूद पूरे यूनिट का स्टाफ नौ बजे के बाद ही आता है। इसके बाद करीब एक घंटे तक यूनिट परिसर में साफ–सफाई का काम चलता है। मरीज व उनके तीमारदार सुबह आठ बजे से ही यूनिट पहुंच जाते हैं। घंटों बाहर बैठने के बाद वह अंदर जाते हैं तो वहां पर बस उनका पंजीकरण कर अगली तारीख देकर लौटा दिया जाता है। सोमवार को भी यूनिट में एक पाइप फट जाने के कारण पानी भर गया था। ऐसे में मरीज व उनके तीमारदारों को घंटों इंतजार करवाया गया। इसके बाद उन्हें अगली तारीख देकर लौटा दिया गया। मंगलवार को भी दो मरीज डायलिसिस कराने पहुंचे लेकिन उन्हें परिसर में कोई नजर नहीं आया। ऐसे में दोनों मरीज लौट गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की फटकार व सख्ती के बाद भी डायलिसिस यूनिट प्रबंधन लापरवाही करने से नहीं डर रहा है। एनएचएम को लिखित में 31 मार्च से डायलिसिस यूनिट शुरू करने और मरीजों की डायलिसिस करने का दावा कर रहे प्रबंधन की पोल मात्र चार दिनों में ही खुल गई। ऐसे में जनपद में निशुल्क डायलिसिस यूनिट शुरू होने के बावजूद डायलिसिस कराने के लिए मरीजों को मीलों का सफर तय कर दिल्ली और मेरठ के ही अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। डायलिसिस यूनिट को संचालित कर रही निजी कंपनी डीसीडीसी किडनी केयर प्रबंधन ने अब तक 20 पंजीकरण होने का दावा किया था। इसके बावजूद मंगलवार को पूरा वॉर्ड खाली पड़ा रहा। जिन मरीजों के तीमारदार यहां पर अपने मरीज को लेकर आए वह भी लौट गए।



## मरीजों का आंकड़ा लिया जाएगा : सीएमएस

संयुक्त जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि सख्ती की जा रही है। डायलिसिस यूनिट प्रबंधन से लगातार संपर्क किया जा रहा है। सोमवार को पाइप फट जाने के कारण वह इसे शुरू नहीं कर सके थे। मंगलवार को क्या कमी रह गई। इसकी पूछताछ की जाएगी। यूनिट प्रबंधन से रोजाना डायलिसिस कराने वाले मरीजों का आंकड़ा लिया जाएगा। यूनिट में मरीजों को सही से इलाज मिल सके, इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व महापौर व उपाध्यक्ष कोर्ट में तलब

**नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य चुनाव में नोट के बदले वोट प्रकरण**

गाजियाबाद : नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य चुनाव में नोट के बदले वोट प्रकरण में 17 माह बाद अदालत ने पूर्व महापौर आशु वर्मा और उपाध्यक्ष सतपाल चौधरी को नोटिस जारी करते हुए तलब किया है। इस प्रकरण में पार्षद जाकिर सैफी ने बोर्ड बैठक में रिश्वत का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये उछाले थे। पार्षद जाकिर सैफी का आरोप हैं कि 24 अक्तूबर 2016 को नगर निगम की बोर्ड बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होना था। वह उस समय समाजवादी पार्टी में थे। आरोप था कि चुनाव में क्रास वाटिंग के लिए उनपर उनकी पार्टी के पार्षदों ने दबाव बनाया गया। इसकी शिकायत उन्होंने एसएसपी व डीएम से भी की। चुनाव से एक दिन पहले उन्हे दो लाख रुपये का लालच दिया गया और एक लाख रुपये दे दिए गए। उन्होंने सदन में क्रास वाटिंग न करके पूरे प्रकरण का खुलासा बोर्ड बैठक में सार्वजनिक कर दिया। साथ ही दिए गए रिश्वत के एक लाख रुपये भी बैठक में सार्वजनिक कर दिए। महापौर आशु वर्मा ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया। साथ ही पैसा नगर निगम में जमा करा लिया गया। जाकिर सैफी के मुताबिक घटना के बाद उनपर कई प्रकार से दबाव बनवाया गया। इतना ही नहीं इस मामले में कमेटी ने भी कोई जांच नहीं की। इसके लेकर वह लोअर कोर्ट में गए लेकिन वहां उनकी अर्जी खारिज कर दी गई। उसके बाद अब एक बार फिर उन्होंने इस मामले की सेशन कोर्ट में अपील की। इस अपील को स्वीकार करते हुए अदालत ने पूर्व महापौर आशु वर्मा व सपा के पार्षद व उपाध्यक्ष रहे सतपाल चौधरी को नोटिस जारी किया है। नोटिस में दोनों को 23 अप्रैल को इस मामले में अदालत में पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। उधर पूर्व महापौर आशु वर्मा का कहना है कि उन्हे अभी तक किसी प्रकार का कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। नोटिस के बाद अदालत का सम्मान करते हुए अपना पक्ष रखा जाएगा।

# एनआरएचएम घोटाला : पूर्व सीएमओ समेत छह के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान

गाजियाबाद : सीबीआई की विशेष अदालत ने बुधवार को बलरामपुर में एनआरएचएम घोटाले में पेश पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान ले लिया। सीबीआई ने पूरक आरोप पत्र में बलरामपुर के तत्कालीन सीएमओ, एसीएमओ समेत पांच पर दवा व उपकरणों की खरीदारी में करीब 23 लाख के घपले का आरोप है। अब सभी आरोपियों पर अदालत में मुकदमा चलेगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार तिवारी की अदालत में पूरक आरोप पत्र पर मुहर लगी। अदालत के वरिष्ठ लोक अभियोजक बीके सिंह के मुताबिक वर्ष 2010–11 की अवधि में बलराम पुर के स्वास्थ्य विभाग में यह घोटाला हुआ था। बलरामपुर में तब सीएमओ डॉ. त्रिलोचन सिंह, एसीएमओ डॉ. एससी प्रसाद तैनात थे। आरोप पत्र के मुताबिक दोनों स्वास्थ्य अधिकारियों ने तीन दवा कारोबारियों से सांठगांठ करके आपराधिक षड्यंत्र के तहत बाजार से महंगे दामों पर दवाइयों व उपकरणों की खरीदारी दिखाकर एनआरएचएम योजना के करीब 23 लाख की धनराशि का घपला किया। लोक अभियोजक ने बताया कि सीबीआई ने अक्टूबर 2016 में पूरक आरोप पत्र पेश किया था। इसके दस्तावेज में कुछ कमियों की वजह से अदालत ने संज्ञान नहीं लिया था। उन्होंने बताया कि विवेचक द्वारा दस्तावेज पूरे करने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए नौ मई की तारीख तय की है।

# शहर के प्राचीन गेटों का होगा जीर्णोद्धार, खर्च होंगे छह करोड़

गाजियाबाद : शहर के प्राचीन दिल्ली गेट, डासना गेट व जवाहर गेट को जीडीए हैरिटेज के रूप में विकसित करेगा। इस परियोजना पर जीडीए छह करोड़ रुपये खर्च करेगा। हाल ही में इस परियोजना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिलान्यास किया। पहले इन गेटों का जीर्णोद्धार नगर निगम करा रहा था। इसके लिए नगर निगम ने तीनों गेटों के जीर्णोद्धार के लिए टेंडर भी जारी कर दिए। ठेकेदार ने काम भी शुरू कर दिया लेकिन लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए काम बंद करा दिया। उसके बाद मंत्री अतुल गर्ग के हस्तेक्षप के बाद इन तीनों गेटों के हैरिजेट के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी जीडीए ने ली। जीडीए के अधिकारियों ने तीनों गेट को लाल जयपुरी पत्थर लगाने की रूपरेखा तैयार की है। तीनों गेट पर जीडीए छह करोड़ रुपये खर्च करेगा। लाल पत्थर लगाने के साथ ही इसमें फैंसी लाइट भी लगाई जाएंगी। इन गेटों के कार्य के शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कविनगर रामलीला मैदान से किया। इस मामले में नगर निगम की ओर से जीडीओ को एनओसी जारी कर दी गई है। जिसके तहत नगर निगम को इन तीनों गेटों का जीर्णोद्धार करने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। निगम की ओर से जारी किए गए टेंडरों को रदद कर दिया गया।

# बदहाल पड़े 58 पार्कों को निगम करेगा दुरुस्त

गाजियाबाद : शहर के बदहाल 58 पार्कों की जल्द ही सूरत बदली नजर आएगी। पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए निगम ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन पार्कों की चारदीवारी का निर्माण के साथ, घास, बैंच, झूले और पौधे भी लगेंगे। नगर निगम पहले चरण में इन 58 पार्कों पर पौने दो करोड़ रुपये खर्च करेगा। नगर निगम क्षेत्र में 1200 पार्क है। इनमें से 700 पार्क विकसित है और 500 पार्क आज भी बदहाल हैं। पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए क्षेत्रीय पार्षद लगातार पत्र व्यवहार कर रहे हैं। हाल ही में नए बोर्ड के गठन के बाद पत्र व्यवहार ज्यादा हो गया है। लिहाजा नगर निगम ने बदहाल पड़े पार्कों के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया है। पहले चरण में विभिन्न वार्डों के 58 पार्कों को चुना गया है। इनके लिए टेंडर प्रक्रिया



शुरू कर दी गई है। अगले माह से इन पार्कों के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो जाएगा। जिसके बाद अगले चरण में करीब इतने ही पार्कों के विकसित किया जाएगा। कई कालोनियों में पार्क का रखरखाव वहां ही आरडब्ल्यूए रखती है। नगर निगम यहां इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराएगा। उसक बाद उसकी देखरेख का जिम्मा आरडब्ल्यूए को देगा। इनमें नगर निगम समय–समय पर सुधार कराएगा। पार्कों में रात के समय पार्क के गेट पर ताला लगा रहेगा। रात के समय इन पार्कों से सामान चोरी का भी खतरा रहता है। इसके लिए कालोनी में रखे गए चौकीदार को रात के समय गेट बंद करते समय यहां ताला लगाने की जिम्मदारी दी जाएगी। सुबह लोग पार्क में घूमने आते हैं। उस समय यहां ताला खोल दिया जाएगा। इन सभी पार्कों के कूड़े से खाद भी बनाई जाएगी। यहां की फूल, पत्तियों के कूड़े को खाद में तबदील करने के लिए पिट खोदी जाएगी। पार्क के सभी कूड़े को इन पिट में डाल दिया जाएगा। इससे बनी खाद को इसी पार्क में इस्तेमाल किया जाएगा।

**EDITORIAL**

# This violence serves no dalit cause

**The** Bharat Bandh has claimed the lives of nine people, burned buses and produced clashes, leading to arrests of thousands. Dalits were protesting the deemed dilution of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Prevention of Atrocities Act by a Supreme Court order seeking to build safeguards against abuse of the law. Violence is not the way to register protest in a democracy. It is condemnable for the damage it does directly and counterproductive for the dalits' cause as well. And a more robust law against atrocity and tighter procedure for its implementation to eliminate scope for misuse are likely to improve the conviction rate under the law, which is only 28% (2014 data), against the national conviction rate for crimes in general of about 46% (2015 data). That said, it is imperative to appreciate dalit rage in its social context and address their social progress going beyond one bandh and one law.

Nationwide protest by dalits signal a degree of collective assertion by one of the most oppressed groups. That, in turn, marks the progress the country has made in democratising society. From being ostracised as polluting and therefore untouchable, as per the ritual hierarchy of traditional Hinduism, dalits have come a long way. On all socioeconomic indicators, dalits are converging with the mainstream, according to the Human Development Report of 2011, brought out by the Planning Commission, and one of the most comprehensive reports of its kind. Rapid growth has allowed dalits to move into new occupations outside traditional jobs reinforcing caste identity and associated prejudice. Of course, their progress upsets the traditional hierarchy and there has been a backlash from those who lose degrees of social and economic superiority. This continues to manifest itself as violent acts against dalits — some extreme, such as killing, for the 'crime' of growing a moustache or watching the ritual dance of upper-caste folk, and others, less extreme, but still vicious. The remedy lies beyond mere legal changes, in greater empowerment — political, economic and social.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Noida industrialists call for abolishment of caste based reservation, write to PM



**NOIDA:** Even as nationwide bandh (which took a violent turn in several parts of the country as Dalit protesters clashed with police) was called on Monday by Dalit organisations to protest against the Supreme Court's recent order, banning automatic arrests under the SC/ST Act, the industrialists in Noida have written to Prime Minister Narendra Modi on Monday urging him to withdraw caste-based reservation in education, appointments and promotions and reject Constitution amendment bill for the same. The industrialists maintained that while caste-based reservation in promotions on one side is promoting undeserving, hollow people to top levels/positions leaving a sense of frustration amongst deserving intelligent lot who are left behind, the Noida industrialists have urged PM Modi to abolish the reservation system and instead provide free and quality education to the economically weaker and backward sections of the society. Vipin Malhan, president of Noida Entrepreneurs Association (NEA) in his letter to PM Modi maintained that while reservation was built in the constitution so as to uplift the backward classes of the society at par with the main stream, the same hasn't happened even after 70 years of independence due to various political compulsions. "The real backward people are still at the same level whereas some of them, who have become doctors, engineers, professors or senior officers are taking advantage of this system at the cost of their poor brethren," said Malhan. "The real backwards are those who are economically weak and are not able to provide for education and healthcare of themselves and as such are not getting any benefit of the lopsided system," said Malhan V K Seth, general secretary of NEA, added that caste-based reservation in promotions on one side is promoting undeserving, hollow people to top levels whereas those who are deserving intelligent people are left behind resulting in high level of frustration and negativity.

## Robbers vandalise ATM after failed heist at Naya Gaon

**NOIDA:** Three unidentified men allegedly vandalised an ATM after a failed robbery attempt in Naya Gaon village on Friday. The police filed an FIR against the three and scanned the footage of CCTV cameras at the Axis Bank ATM where the crime took place. There was no security guard at the ATM kiosk in the village, police said. "Some criminals on Wednesday night arrived at the ATM and tried to steal cash. However, they failed to unlock the machine. They then vandalised the machine with some blunt object and fled," said an officer. A passerby later informed police after he spotted the damaged machine.

## Noida: Doctors to go on strike at district hospital, emergency open

**NOIDA:** Medical services at the district hospital are likely to be affected on Friday as doctors and medical staff have called for a strike. The call for strike allegedly follows a quarrel between doctors and non-medical staff over residential quarters. According to pharmacist Manoj Singh, his wife Neelam Singh was abused by the institute staff on March 24 at the society's residential quarters. "A doctor and two members of themedical staff from the district hospital misbehaved with my wife. I was away when the incident took place. We reported the matter to the local police station but they refused to register an FIR," he said. The institute management gave a different version. Director AK Bhatta said the residential quarters, in which the pharmacist's family stays, was meant for gazetted officers only. He said that last week, some boys were playing cricket in the playground while some staff members of institute were sitting nearby. "The ball landed in the pharmacist's house and the woman rushed outside. She started quarrelling with the staff and alleged she was abused," he said. Bhatta claimed the allegations were not true. He said some people had illegally occupied accommodations in the four towers, which is a bone of contention.

# Break-in at Gujarat governor's home in Noida



**Noida:** Burglars broke into Gujarat governor Om Prakash Kohli's house in Noida on Saturday morning and stole cash and jewellery. The theft happened between 8am and 3pm at the Sector 50 bungalow when no one was home. Police suspect the thieves conducted a recce as they knew when the caretaker will not be present. Footage from CCTV cameras installed in neighbouring houses is being scanned for clues. The house, which has a gated compound, does not have its own surveillance system. Police have formed three teams and launched a search for the burglars. A few suspects were detained in the evening. Kohli's daughter Ritu, a professor, lives with her family in the house. They went to Ambala three days ago and asked caretaker Pyarelal to look after the house in their absence. "In the morning, the caretaker cleaned the house and left at 8am. He returned around 3pm and found the lock at the main door broken and the house ransacked.

## Will make Noida crime-free, says new SSP Ajay Pal Sharma

**NOIDA:** Ajay Pal Sharma took over as the senior superintendent of police, Gautam Budh Nagar, last week. Since the day he took charge, there have been at least 10 encounters in which one alleged criminal was gunned down and a dozen arrested. In his earlier stint in Shamli as superintendent of police, Sharma also presided over a similar strategy. He shared his views with Shafaque Alam on his plans to check crime in Noida and Greater Noida. You took charge as SSP and there is an increase in encounters. We have planned to improve policing and check crimes in rural and urban areas alike. There are two kinds of criminals — one, who are part of notorious gangs, and second, petty criminals. The focus now is on the organised gangs. We have made a good start and several wanted criminals were held and one carrying a reward of Rs 1 lakh, Shravan, was killed in a hot chase. Another criminal, Sheru Bhati, who had a reward of Rs 25,000 on his head in Shiv Kumar Yadav murder case, surrendered himself. The crackdown is surely yielding good results. So the encounters will continue in coming days? I can say that the criminals will be dealt with strictly as per the law.

# FIR against builder for 'delaying' handover of flats

**GHAZIABAD:** An FIR has been registered against a builder, KDP Buildwell, for allegedly delaying handover of flats to buyers. The FIR followed a directive from a Ghaziabadcourt on March 23. As many as 11 buyers of KDPMGI Gharaunda, a residential project of KDP with 330 units in Raj Nagar Extension, have alleged that the flats had been delayed for over four years. They claimed most of the buyers had already paid 95-98% of the amount to the builder. On Sunday, the police recorded the statements of six of the




11 complainants. The FIR has been registered at Sihani Gate police station against the group's directors, Manoj Kumar Goyal and Kavita Rani Goyal, besides one Ashish Goyal under Sections 420 (cheating), 406 (criminal breach of trust), 504 (intentional insult with intent to provoke breach of the peace), 506 (criminal intimidation) and 120 B (criminal conspiracy) of the IPC. Dushyant Kumar Tyagi, one of the homebuyers and a complainant, said: "The project was launched in 2011 and the developers had agreed to hand over the flats from March 2014. But even after four years, the project is far from complete. Several meetings were held with the group, but no positive outcome came out of them. Every time, they gave us a new deadline but never fulfilled their promise." KDP director Manoj Kumar Goyal refuted the allegations. "We will give the possession of flats this month itself. We have already issued the offer of possession to homebuyers. Those who are making payments are being given the flats. The map of the project has also been approved by the GDA and power connection will be given in 15 days. We will also get the completion certificate soon," he said. Goyal has also moved court against the buyers, accusing them of misrepresenting facts. The case will come up for hearing on April 5, he added.

## 6 arrested with over 6.5 kg cannabis in GZB

**GZB:** Six people have been arrested on the charge of peddling drugs and 6.5 kg cannabis was seized from them, the police said here today. During a raid conducted at a number of places in Rajiv Vihar colony under Khoda municipality area last night, the six people were arrested, SP (City) Akash Tomar said. The accused have been identified as Mohit, Sanjiv, Mukesh, Pramod, Omveer and Yusuf, the officer said, adding during interrogation they have confessed that they were involved in selling cannabis.

## Noida police mistakes RSS functionary as dalit activist, detains him

**NOIDA:** An RSS functionary on Monday alleged that Noida police on Monday detained him after mistaking him for a dalit activist. Police later dropped him at some other place during the Bharat bandh protest. Rakesh Sinha, RSS functionary and honorary director Indian Policy Foundation, shared the information through his twitter handle. He said that he had visited a news channel's office in Noida Film City. Sinha also alleged that a police team led by SHO, Sector 20, Anil Kumar Shahi had hauled him. "Noida Police forcibly pushed me in a van. Their behaviour was unfriendly.

# Cops warn against wrong turns on 10.5km-long elevated road

